हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 25 जून 2026

11 शिक्षा विभाग की उपनिदेशक ने स्कूलों की व्यवस्थाओं...



12 एसई की हठधर्मिता के विरोध में कर्मचारियों ने...



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मिल गेट की टीम ने सूर्यनगर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी की पहचान गली नंबर 8 सूर्यनगर निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। सीआईए मील गेट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि उनकी टीम के एएसआई विक्रांत अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में गश्त पर थे कि एक सूचना के आधार पर प्रदीप को काबू किया गया।

### चोरी के 3 आरोपी काबू चोरीशुदा बाइक बरामद

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद किया है। आरोपियों की पहचान हांसी जिले के गांव बुडाना निवासी अंकित व रोहित तथा सिरसा जिले के बाजेकां गांव निवासी पंकज के रूप में हुईर है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुभाष ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपियों को काबू किया।

### रोटरी डायनमिक क्लब प्रधान बनीं मीनू मलिक

**हिसार।** रोटरी डायनमिक क्लब हिसार की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से मीनू मलिक को रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए क्लब का नया प्रधान चुना गया। इसके साथ ही अंजू ठकराल को सचिव तथा मनीषा महता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। क्लब की वर्तमान प्रधान नीरजा खन्ना ने बताया कि नई कार्यकारिणी क्लब की सेवा गतिविधियों को और अधिक विस्तार एवं गति प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि नवनिर्वाचित प्रधान मीनू मलिक आगामी एक जुलाई से अपना पदभार ग्रहण करेंगी।

### बस यात्रियों के लिए राहत भरी खबर

# हिसार-अग्रोहा के बीच चलेगी इलेक्ट्रिक सिटी सर्विस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार से अग्रोहा के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। हरियाणा रोडवेज का हिसार डिपो गुरुवार से हिसार-अग्रोहा मार्ग पर इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू करेगा। इस नई सुविधा से प्रतिदिन आवागमन करने वाले विद्यार्थियों, कर्मचारियों, मरीजों और आम यात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। बस सेवा शुरू होने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी और लोगों को सस्ती तथा सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटी बस का संचालन सुबह 6:30 बजे से शुरू होगा। बसें दिनभर निर्धारित समय के अनुसार हिसार और अग्रोहा के बीच चलेंगी। रोडवेज की ओर से हिसार से चार फेरे तथा अग्रोहा से भी चार फेरे संचालित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को नियमित अंतराल पर बस उपलब्ध हो सकेगी।

- 10 रुपये से लेकर 45 रुपये तक होगा किराया, सुबह 6 .30 बजे से शुरू होगा संचालन



### दूरी के अनुसार किराया

| गंतव्य | किराया |
|---|---|
| सिविल अस्पताल | 10 रुपये |
| सेक्टर-14 | 10 रुपये |
| सिरसा चुंगी | 10 रुपये |
| बगला मोड़ | 10 रुपये |
| बीएसएफ कैंप | 25 रुपये |
| दुर्जनपुर | 30 रुपये |
| चिकनवास | 35 रुपये |
| लांधड़ी | 35 रुपये |
| अग्रोहा मोड़ | 45 रुपये |
| अग्रोहा बस अड्डा | 45 रुपये |
| अग्रोहा मेडिकल कॉलेज | 45 रुपये |

नोटः हिसार बस अड्डे से अग्रोहा तक पूर्ण किराया 45 निर्धारित किया गया है।

### अग्रोहा के लिए समय

हिसार से प्रस्थान
सुबह 6:30 बजे
सुबह 8:30 बजे
दोपहर 12:30 बजे
दोपहर 2:30 बजे

### अग्रोहा से वापसी

सुबह 7:30 बजे
सुबह 9:30 बजे
दोपहर 1:30 बजे
दोपहर 3:30 बजे

### यात्रियों की मांग पर लिया फैसला : टीएम

यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार ने बताया कि यात्रियों की मांग और क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए यह सेवा शुरू की जा रही है। यदि यात्रियों की संख्या बढ़ती है तो भविष्य में बसों के फेरों में भी बढ़ोतरी की जा सकती है। स्थानीय लोगों ने रोडवेज के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। इससे आम लोगों को विशेष रूप से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों को इस सेवा से काफी सुविधा मिलेगी। हिसार और अग्रोहा के बीच प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और अन्य कार्यों के लिए यात्रा करते हैं। अब तक कई यात्रियों को निजी वाहनों या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था। रोडवेज की नई सिटी बस सेवा शुरू होने से उनकी यात्रा अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और सस्ती हो जाएगी।

### संजय शुक्ला मर्डर केस

**अनिल पंडित नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से वायरल हो रही पोस्ट**

**एसपी ने पोस्ट को बताया फेक**

# लॉरेंस गैंग ने ली टोल के शिफ्ट मैनेजर के कत्ल की जिम्मेदारी

**पोस्ट का मजमून**

'टोल मैनेजर संजय शुक्ला के मर्डर की जिम्मेदारी हम लेते हैं। ये हमारे दुश्मनों की मदद करता था। समझाने के बाद भी ये नहीं माना, इसीलिए इसे मारना पड़ा। इसी अकाउंट से ऑडियो भी शेयर किया गया है। जिसमें कहा-कान खोलकर सुन लो, अगर किसी ने हमारे दुश्मनों का साथ दिया, उसका अंजाम ऐसा ही होगा।'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के बरवाला क्षेत्र के गांव बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर शिफ्ट मैनेजर संजय शुक्ला की हत्या में लॉरेंस गैंग की एंट्री हो गई है। लॉरेंस गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि मृतक उनके विरोधियों की मदद कर रहा था। अनिल पंडित नाम से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें उक्त बातें लिखी गई है। पोस्ट के साथ एक ऑडियो भी वायरल हुई है। उधर, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने वायरल पोस्ट को फेक बताया है।

मामले के अनुसार बाडो पट्टी टोल पर शिफ्ट मैनेजर संजय शुक्ला की हत्या की जिम्मेवारी लॉरेंस गैंग ने ली है। अनिल पंडित नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से वारदात से संबंध में एक पोस्ट भी डाली गई है।

काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार युवकों ने मंगलवार रात को टोल मैनेजर संजय को गाड़ी से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था। संजय युवकों से 130 रुपये टोल शुल्क मांग रहा था लेकिन युवकों ने खुद को स्थानीय निवासी बताते हुए टोल देने से इनकार कर दिया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो खेदड़ गांव से किराए पर ली थी। पुलिस के अनुसार वारदात से पहले आरोपी पहाड़ों पर घूमने भी गए थे। बताया जा रहा है कि इस मामले में बरवाला पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में भी लिया है लेकिन पुलिस ने उसकी पुष्टि नहीं की है।



Anil Pandit
6m
जय महाकाल...., जय श्री राम🙏
राम राम सभी भाइयों को जो आज ये HISAR TOLL TAX पे टोल मैनेजर Sanjay shukla का murder हुआ है इसकी जिम्मेदारी में ANIL PANDIT USA,HARMAN SANDHU, RD DHALIWAL और बड़ा भाई HARI BOXER लेते है ये हमारे दुश्मनों की मदद करता था इसको हमने पहले समझाया था लेकिन इसको समझ नहीं आई इसलिए हमने इसको मार दिया और बाकी भी जितने लोग है जो हमारे दुश्मनों की मदद करते है या तो टाइम रहते सुधर जाओ नहीं सबका अंजाम ऐसा ही होगा (Wait and watch)

नोट= हमारी लड़ाई देश के दुश्मनों से है (नशा तस्करों, रेपिस्ट और देश के खिलाफ चलने वाले से है) जय हिंद🙏

### परिजनों को कंपनी देगी 20 लाख, पीएफ व अन्य भत्ते

**हिसार/बरवाला।** क्षेत्र के बाडो पट्टी टोल के शिफ्ट मैनेजर संजय शुक्ला की हत्या मामले में टोल प्रबंध व परिवार के बीच चल रहा विवाद बुधवार शाम सहमति के बाद निपट गया। टोल प्रबंधन द्वारा मांगे मानने के बाद परिजनों ने संजय का पोस्टमार्टम करवाने की सहमति दे दी। इससे पहले मृतक संजय शुक्ला के परिजनों ने टोल प्रबंधन के समक्ष मांग उठाई कि मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा, पीएफ व अन्य भत्ते जो देय बनते हैं वो, मृतक की पत्नी को कंपनी में नौकरी सहित अन्य दिए जाएं। इसी मसले पर परिजन दो दिन से पोस्टमार्टम के लिए नहीं मान रहे थे। बुधवार सायं कंपनी ने मांगे मानते हुए परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की। इसके तहत 10 लाख रुपये तुरंत दिए जाएंगे जबकि बाकी 10 लाख किश्तों में दिए जाएंगे। इसके अलावा पीएफ व अन्य भत्ते भी मृतक के परिजनों को टोल कंपनी देगी। इन मांगों के मानने के बाद परिजनों ने संजय का पोस्टमार्टम करवाने की सहमति दे दी।

### टोल प्रबंधन व मृतक के परिजनों में बनी सहमति, पोस्टमार्टम के लिए हुए राजी

इससे पहले बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर टोल विवाद में शिफ्ट इंचार्ज संजय शुक्ला की हत्या के बाद उनके परिजन न्याय और आर्थिक सहायता की मांग पर टोल प्लाजा पहुंचे। दोपहर करीब एक बजे मृतक के परिजनों ने टोल प्रबंधन के साथ बातचीत की और अपनी मांगें रखीं। इस दौरान बरवाला थाना प्रभारी दलबीर सिंह पूनिया भी मौके पर मौजूद रहे और परिजनों व टोल प्रबंधन के बीच बातचीत करवाई। परिजनों की ओर से मुख्य मांगें रखी गईं कि मृतक संजय शुक्ला की पत्नी को कंपनी में नौकरी दी जाए, परिवार को कंपनी की ओर से 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए, मामले में शामिल सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाए तथा पूरे घटनाक्रम से जुड़ी सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग उपलब्ध करवाई जाए। बैठक के दौरान मृतक के साले बृजेश, फूफा और अन्य परिजन भी मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में कहा कि परिवार को इंसाफ मिलना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### कंडूल में विवाहिता ने जहर खाकर जान दी

**हिसार।** उकलाना थाना क्षेत्र के गांव कंडूल में एक विवाहिता ने सल्फास का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे पहले बरवाला तथा बाद में हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन उसने दमतोड़ दिया। मृतका 36 वर्षीय पूनम के शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। मृतका के पति मनोज के अनुसार उसकी पत्नी पूनम पिछले छह महीने से मानसिक परेशान चल रही थी। उसका निजी अस्पताल में इलाज भी चल रहा था। बुधवार सुबह वह खेत में चला गया और पूनम ने मानसिक परेशानी के चलते सल्फास खा लिया।

### मिलगेट क्षेत्र में पंखे से फंदा लगा की खुदकुशी

**हिसार।** मिलगेट क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पंखे से फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक 45 वर्षीय सुरेंद्र अविवाहित था और मिलगेट क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। वह कपड़े की दुकान पर काम करता था। मंगलवार रात को उसका दोस्त उसके कमरे पर आया तो उसने देखा कि सुरेंद्र ने पंखे पर रस्सी से फंदा लगाया हुआ था। सूचना मिलने पर मकान मालिक ने पुलिस बुलाई। मृतक के परिजनों के अनुसार सुरेंद्र ने मानसिक परेशानी के चलते फांसी लगाई है।

# नारनौंद-उचाना रोड पर अवैध कॉलोनी में तोड़ीं सड़कें, प्रॉपर्टी डीलरों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

**नारनौंद के हांसी, जींद व उचाना रोड पर अवैध कॉलोनी काटने की शिकायतों पर डीटीपी विभाग ने की कार्रवाई**

डीटीपी विभाग ने नारनौंद-उचाना सड़क मार्ग पर बुधवार को पेट्रोल पंप के सामने काटी जा रही अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलाकर सड़कें तोड़ दीं। इस कार्रवाई की सूचना से प्रॉपर्टी डीलरों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार नारनौंद के हांसी रोड, जींद रोड और उचाना रोड पर पिछले काफी समय से अवैध कॉलोनी काटने का धंधा चल रहा है।

विभाग को अवैध कॉलोनाइजर्स के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी। इन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए नारनौंद-उचाना सड़क मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने काटी जा रही एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करने के लिए बुधवार को टाउन प्लानिंग विभाग की टीम पहुंची। पुलिस फोर्स के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर बीडीपीओ सत्यवान सिंह को नियुक्त किया गया। पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में बुडाना रोड पर बनी अवैध कॉलोनी में पहुंची वहां पर बनाई गई अवैध सड़कों को पीला पंजा चलाकर तोड़ा गया।



नारनौंद। बुडाना मार्ग पर बनी अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलाकर सड़के तोड़ते हुए।

### अवैध कॉलोनी में प्लाट न खरीदें : दिनेश कुमार

हिसार जिला टाउन प्लानिंग अधिकारी दिनेश कुमार व जेई सचिन कुमार ने बताया कि नारनौंद में अवैध रूप से कॉलोनी काटने की शिकायत पिछले कुछ समय से मिल रही थी। बुधवार को बुडाना रोड़ पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी की सड़कों को जेसीबी की सहायता से तोड़ा गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी अवैध कॉलोनी में प्लाट न खरीदें। ठगी से बचने के लिए वेध कॉलोनी में ही प्लाट खरीदें और इसकी पुष्टि पहले टाउन प्लानिंग कार्यालय में अवश्य कर ले।

### गुजवि में एमकॉम में दाखिले के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एमकॉम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून हैं।

कॉमर्स विभाग की अध्यक्षा प्रो. निधि तुरान ने कहा कि वर्तमान समय में एमकॉम केवल एक अकादमिक डिग्री नहीं, बल्कि बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, टैक्स कंसल्टेंसी, कॉर्पोरेट सेक्टर, शिक्षण और शोध के क्षेत्र में करियर बनाने का मजबूत माध्यम बन चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की प्लेसमेंट तैयारी, कम्युनिकेशन स्किल्स, प्रोफेशनल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री एक्सपोजर पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कॉमर्स विभाग में एमकॉम कोर्स के लिए कुल 60 सीटें उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी 25 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संभावित मेरिट लिस्ट 1 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी तथा प्रथम काउंसलिंग 6 जुलाई को होगी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेड़ से टकराने के बाद कार में लगी भीषण आग, चिकित्सक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक के पास मंगलवार देर रात आगे चल रहे ट्रक के अचानक साइड दबा लेने पर पीछे आ रही एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर के तुरंत बाद इंजन में चिंगारी भड़की और कार आग की लपटों में घिर गई। गनीमत रही कि कार सवार दोनों युवक समय रहते बाहर निकल आए। हादसे में एक डॉक्टर घायल हुआ है। हिसार निवासी एडवोकेट विजय ने बताया कि वह अपने दोस्त डॉ. दीपक के साथ पलवल से हिसार लौट रहे थे कि खरड़ फ्लाईओवर पार कर गीता चौक के समीप पहुंचे तो आगे चल रहे ट्रक ने अचानक कट मार दिया। ट्रक से बचने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पेड़ से टकरा गई। और टक्कर के बाद कार के इंजन में आग लग गई जिसने कुछ ही पलों में पूरी गाड़ी को चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि हादसे के तुरंत बाद दोनों दोस्त कार से बाहर निकलने में सफल रहे। अन्यथा हादसा बड़ा हो सकता था। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद राहगीरों की मदद से घायल डॉ. दीपक को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका किया जा रहा है।

- ट्रक से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार
- पलवल से लौट रहे थे दोनों दोस्त, समय रहते बाहर निकल बचाई जान



हांसी। गीता चौक के पास कार में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी व मौके पर पहुंची डायल –112 की टीम। फोटो : हरिभूमि

### फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से बुझाई आग

राजमार्ग पर कार में आग लगने की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर ऑपरेटर राहुल ने बताया कि करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। डायल-112 इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि कार में आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। कार में सवार दोनों युवक समय रहते बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। कार में लगी भीषण आग के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात रोकना पड़ा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आग बुझाने और क्षतिग्रस्त वाहन हटाने के बाद पुलिस ने यातायात सुचारु कराया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता का उदाहरण व दूसरे संस्थानों के लिए बना मिसाल

# आयुष्मान योजना में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज प्रदेश में अव्वल

**प्रदेश के नोडल अधिकारियों ने मरीज सेवाओं, प्रबंधन प्रणाली और उपचार प्रक्रिया का किया अध्ययन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हरियाणा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा का दौरा हरियाणा के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों के नोडल अधिकारियों ने किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य संस्थान की आयुष्मान योजना के अंतर्गत अपनाई जा रही कार्यप्रणाली, प्रबंधन प्रणाली एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को समझना और उनसे सीख लेकर अपने-अपने संस्थानों में भी बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना था। दौरे के दौरान टीम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों, वार्डों एवं मरीज सेवाओं का अवलोकन किया तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीज पंजीकरण, उपचार प्रक्रिया, लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और समग्र संचालन प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



हिसार। अग्रोहा मेडिकल के दौरे पर आए अन्य चिकित्सक।

### योजना जरूरतमंदों के लिए वरदानः वत्स

इस अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स एवं महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. करनदीप सिंह ने की। बैठक में आयुष्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, संस्थान द्वारा अपनाई गई व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई आयुष्मान भारत योजना देश के गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए वरदान साबित हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आयुष्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की।

### कॉलेज ने प्रदेश में बनाई नई पहचान

बैठक के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौहान, डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. संदीप राणा ने बताया कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, बेहतर प्रबंधन एवं मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रदेश में एक नई पहचान स्थापित की है। टीम के सदस्यों ने संस्थान की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायक बताया।

# स्कूल की छुट्टियों में मौसी के घर आए 12 वर्षीय किशोर की नहर में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव राजथल में स्कूल की छुट्टियों के दौरान अपनी मौसी के घर आए एक 12 वर्षीय बालक की नहर में डूबने से मौत हो गई। राजथल निवासी बबलू ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले उसकी पत्नी मुन्नी के पास उसकी बहन का बेटा केशव (12) निवासी गोहाना आया हुआ था। वह 8वीं कक्षा का छात्र था और स्कूल में छुट्टियां होने के कारण अपनी मौसी के घर रह रहा था।

बुधवार शाम वह अपनी मौसी के साथ भैंसों को पानी पिलाने के लिए नहर पर गया था। इसी दौरान मुन्नी पास के एक घर में पानी पीने चली गई और जाते समय अपना मोबाइल फोन केशव को दे गई। जब वह वापस लौटी तो मोबाइल फोन नहर किनारे पड़ा मिला, जबकि केशव वहां नहीं था।मुन्नी ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नहर में उसकी तलाश शुरू कर दी। घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी दी गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। नहर में पानी अधिक होने के कारण ग्रामीणों ने रस्सियों के सहारे खोजबीन शुरू की। सैकड़ों युवाओं ने मिलकर नहर में तलाश अभियान चलाया। इस दौरान नहर के पानी का बहाव भी कम कराया गया। करीब दो घंटे की तलाश के बाद एक किलोमीटर दूर नहर में युवक राबिन को केशव का हाथ मिला। उसे तुरंत बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हांसी के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।



नारनौंद। केशव अपनी बहन के साथ।



## हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कुछ समयांतराल पर जब बार-बार हो फीवर



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले एक हफ्ते से शाम ढलते ही मुझे ठंड के साथ बुखार आ जाता है। दवा लेने पर ठीक हो जाता है, लेकिन अगली शाम फिर ऐसा होता है। कृपया बताएं इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-आशुतोष, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपको रोज शाम को बुखार आ जाता है और दवा लेने के बाद ठीक हो जाता है। इससे ऐसा लग रहा है कि आपको टाइफाइड हो सकता है, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। टाइफाइड को ही मियादी बुखार बोलते हैं, जो एक तय समय पर आता है और उतर जाता है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच करके यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि फीवर होने का कारण क्या है, और फिर उसके बाद ट्रीटमेंट ठीक से हो सकेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर फफोले निकल आते हैं, जिससे खाने-पीने में काफी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इसे होने से कैसे रोका जा सकता है?**

**-मनीष, बलौदा बाजार**

कई बार इस तरह की समस्याएं अधिक गर्म खाना खाने से होती हैं, अगर ऐसा आप कर रहे हैं तो उसमें बदलाव करें और अधिक गर्म खाना ना खाएं। अगर ऐसा नहीं है तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच करने के बाद कारण के बारे में बता पाएंगे। फिलहाल आप अधिक मिर्च-मसाले वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। 10-15 दिन के अंतराल पर मुझे लूज मोशन या वॉमिटिंग होती है। जिससे काफी कमजोरी महसूस होती रहती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-हरीश, महेंद्रगढ़**

जैसा आप बता रहे हैं, इससे लगता है कि आपको डाइजेशन की समस्या है। इसलिए, सबसे पहले आप खान-पान में सुधार करें। अधिक तेल और मिर्च-मसाले वाला खाना ना खाएं। साथ ही साफ पानी पिएं। कई बार बाहर का पानी पीने से भी इंफेक्शन हो जाता है, जिससे इस तरह की समस्याएं दिखती है। आप घर से निकलते समय पानी की बोतल लेकर निकलें। इस तरह बदलाव से आपको आराम मिल सकता है। अगर फिर भी आराम ना मिले तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी गर्दन और कंधे पर बार-बार दाद निकल आता है। इसमें काफी ईचिंग होती है। प्लीज बताएं कि इससे कैसे निजात मिलेगी?**

**-सौरभ, बिलासपुर**

जिन लोगों को अधिक पसीना निकलता है और देर तक सूख नहीं पाता है, उनको इस तरह की समस्याएं हो सकती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको जहां इचिंग होती है, उस हिस्से में लगातार पसीना पोंछते रहना चाहिए, क्योंकि पसीने की नमी में फंगल इंफेक्शन से ही दाद होती है, जिससे खुजली शुरू होती है। अधिक दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर ऑइंटमेंट लिखवा लें, इससे आराम जल्दी से मिल जाएगा।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में आयरन और विटामिन डी कम है, जबकि विटामिन बी 12 और कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है। इसकी क्या वजह हो सकती है? ऐसे में मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-कुलदीप, दुर्ग**

विटामिन-डी की कमी शहरों में रहने वाले लोगों को अधिक होती है, क्योंकि उनका धूप में एक्सपोजर कम होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको विटामिन-डी और बी-12 की दवा लेनी चाहिए। साथ ही आप बता रहे हैं कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है और आयरन कम है। बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर लें, वे आपको इसकी मेडिसिन बता देंगे। साथ में डाइटिशियन से भी आपको संपर्क कर लेना चाहिए, वो आपका डाइट चार्ट तैयार कर देंगे, जिसके अनुसार आप डाइट लेंगे तो भविष्य में विटामिन-डी, बी-12 और आयरन बैलेंस रहेंगे। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

हाल के वर्षों में यंग और मिड एज की महिलाओं में पीएमओएस (पूर्व नाम पीसीओएस) की समस्या काफी देखने को मिल रही है। हालांकि इसके पीछे कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अनबैलेंस्ड लाइफस्टाइल की वजह से यह समस्या ज्यादा बढ़ती है। ऐसे में इससे ग्रस्त महिलाओं को बिना चिंता और डर के इसके स्पेशलिस्ट डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए, ताकि इसे कंट्रोल किया जा सके। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सही ट्रीटमेंट-बैलेंस्ड लाइफस्टाइल से पीएमओएस को कर सकते हैं कंट्रोल







## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. नवदीप सिंह
प्रिंसिपल-इंडस कॉलेज ऑफ नर्सिंग खांडा खेड़ी, हिसार

बहुसिस्टिक अंडाशय सिंड्रोम, जिसे पहले पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के नाम से जाना जाता था, अब वैश्विक सहमति के बाद आधिकारिक रूप से पॉलिएंडोक्राइन मेटाबॉलिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीएमओएस) कहलाया जा रहा है। यह नाम परिवर्तन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि यह स्थिति केवल ओवरी की सिस्ट तक सीमित नहीं, बल्कि बहुग्रंथि (पॉलिएंडोक्राइन) हार्मोनल असंतुलन और व्यापक मेटाबॉलिक गड़बड़ी से जुड़ी लॉन्ग पीरियड बीमारी है।

### काफी महिलाएं होती हैं प्रभावित

पीएमओएस आज प्रजनन-आयु की महिलाओं में सर्वाधिक पाए जाने वाले हार्मोनल और मेटाबॉलिक रोगों में प्रमुख माना जा रहा है। उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य बताते हैं कि विश्व-स्तर पर लगभग हर आठ में से एक महिला इससे प्रभावित हो सकती है, जबकि भारतीय अध्ययनों में इसका प्रचलन कई समुदायों में लगभग 3.7 से 22.5 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर चेतावनी है।

### ऐसे होता है डायग्नोज

2023 की अंतरराष्ट्रीय साक्ष्य आधारित पीएमओएस गाइडलाइन के अनुसार इस स्वास्थ्य समस्या के निदान के लिए अनियमित या अनुपस्थित ओवुलेशन, एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता के लक्षण तथा अल्ट्रासाउंड में स्पेसिफिक ओवरी इमेज, इन तीन में से कम से कम दो क्राइटेरिया की उपस्थिति आवश्यक मानी जाती है, बशर्ते अन्य कारणों को वैज्ञानिक रूप से जांच कर उन्हें अलग कर दिया गया हो। पीएमओएस को अब केवल एक स्त्री रोग नहीं, बल्कि व्यापक मेटाबॉलिक स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा रहा है, जो टाइप 2 डायबिटीज, हाई बीपी, हृदय रोग, फैटी लिवर और कुछ विशिष्ट कैंसरों के बढ़े रिस्क से भी जुड़ी है।

### रोग होने के कारण

पीएमओएस के लगातार बढ़ते मामलों के पीछे आनुवंशिक प्रवृत्ति और इंसुलिन रेजिस्टेंस जैसे जैविक कारणों के साथ-साथ आधुनिक जीवनशैली की अनेक अस्वास्थ्यकर आदतें भी जिम्मेदार हैं। इंसुलिन रेजिस्टेंस को पीएमओएस की रोग जनन प्रक्रिया का मेन फैक्टर माना जाता है, जो सामान्य बॉडी मास इंडेक्स (नॉर्मल बीएमआई) वाली महिलाओं में भी पाया जा सकता है। मोटापे और पेट की अधिक चर्बी से यह और अधिक गंभीर हो जाता है। तीव्र शहरीकरण, शारीरिक गतिविधि में कमी, एनर्जीफुल और शुगर रिच डाइट, फास्ट फूड हैबिट, कार्यस्थल और पारिवारिक तनाव, देर रात तक जागने की आदत और अपर्याप्त नींद लेने जैसे कारण, भारतीय शहरी और अर्ध शहरी युवतियों में पीएमओएस होने की आशंका को और बढ़ा रहे हैं।

### रोग का उपचार

मेडिकली पीएमओएस का पर्मानेंट ट्रीटमेंट अभी उपलब्ध नहीं है। लेकिन इसमें संदेह नहीं है कि समुचित मेडिसिनल ट्रीटमेंट और डिसिप्लींड लाइफस्टाइल के माध्यम से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। अधिकांश महिलाएं प्रॉपर लाइफ मैनेजमेंट के साथ नॉर्मल लाइफ जी सकती हैं और मातृत्व सुख भी प्राप्त कर सकती हैं।

### ट्रीटमेंट प्रोसीजर

पीएमओएस के ट्रीटमेंट का प्रोसीजर हमेशा व्यक्तिगत होना चाहिए। इसमें पेशेंट की आयु, उसके प्रमुख लक्षण, मेटाबॉलिक रिस्क और प्रेग्नेंसी की इच्छा जैसे प्वाइंट्स को ध्यान में रखा जाना चाहिए। पीरियड्स को नियमित करने और एंड्रोजन स्तर को नियंत्रित करने के लिए हार्मोनल गर्भनिरोधी मेडिसिंस या प्रोजेस्टिन, इंसुलिन रेजिस्टेंस और वेट मैनेजमेंट के लिए मेटफॉर्मिन समूह की दवाएं, अनचाहे बाल और मुंहासों के लिए एंटी एंड्रोजन और त्वचा संबंधी उपचार, प्रेग्नेंसी की इच्छा होने पर ओवुलेशन प्रेरित करने वाली दवाएं और आवश्यकता पड़ने पर सहायक रिप्रोडक्शन तकनीक जैसे आज के समय में कई ऑप्शंस उपलब्ध हैं। इन सभी का प्रयोग केवल योग्य स्त्री रोग विशेषज्ञ या एंडोक्राइनोलॉजिस्ट की निगरानी में ही किया जाना चाहिए।

### प्रभावी है लाइफस्टाइल मैनेजमेंट

इंटरनेशनल गाइडलाइंस में लाइफस्टाइल मैनेजमेंट यानी जीवनशैली प्रबंधन में विशेष रूप से डाइट, फिजिकल एक्टिविटी और व्यावहारिक परिवर्तन को पीएमओएस का फर्स्ट लेवल ट्रीटमेंट माना गया है। खासकर तब जब पेशेंट का बॉडी वेट सामान्य से अधिक हो। एविडेंस बेस्ड स्टडीज से यह स्पष्ट है कि ओवर बॉडी वेट में मात्र 5-10 प्रतिशत की कमी से भी पीरियड्स की रेग्युलेरिटी, नॉर्मल ओवुलेशन, इंसुलिन सेंसिटिविटी और लिपिड प्रोफाइल में महत्वपूर्ण सुधार प्राप्त किया जा सकता है।

### बैलेंस्ड डाइट है लाभकारी

बैलेंस्ड, हाई फाइबर और लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला डाइट, जिसमें साबुत अनाज, दालें, ताजी सब्जियां, विभिन्न फल, मेवे (ड्राय फ्रूट्स), बीज और स्वस्थ असंतृप्त वसा (हेल्दी अनसैचुरेटेड फैट) शामिल हों, पीएमओएस कंट्रोल करने में विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुआ है, जबकि रिफाइंड मैदा, अत्यधिक चीनीयुक्त खाद्य पदार्थ, मीठे पेय, तले-भुने और प्रोसेस्ड फूड्स, इंसुलिन रेजिस्टेंस और निम्न स्तरीय सूजन को बढ़ाते हैं।

### महत्वपूर्ण हैं फिजिकल एक्टिविटीज

नियमित शारीरिक गतिविधि, पीएमओएस के लगभग सभी क्लीनिकली रिलेटेड इश्यूज जैसे-बॉडी वेट, पेट की चर्बी, इंसुलिन रेजिस्टेंस, ब्लड प्रेशर, कार्डियो मेटाबॉलिक रिस्क और मेंटल हेल्थ पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। उपलब्ध मेटा विश्लेषण, प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट मीडियम से फास्ट एरोबिक वर्कआउट के साथ सप्ताह में दो या अधिक दिन प्रतिरोधात्मक (रेजिस्टेंस) व्यायाम की सिफारिश करते हैं। संरचित, पर्यवेक्षित व्यायाम कार्यक्रमों (स्ट्रक्चर्ड, सुपरवाइज्ड एक्सरसाइज प्रोग्राम) और उच्च तीव्रता अंतराल प्रशिक्षण (एचआईआईटी) ने कमर की माप, इंसुलिन सेंसिटिविटी और कार्डियो रेस्पिरेट्री फिटनेस में विशेष लाभ दिखाए हैं।

समग्र रूप से पीएमओएस, 'होल पर्सन केयर' की आवश्यकता को रेखांकित करता है, जिसमें जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सभी आयामों को समन्वित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इसके लिए डॉक्टर्स, नर्सेज और एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स को सहानुभूतिपूर्ण परामर्श के माध्यम से यह संदेश देना चाहिए कि पीएमओएस किसी व्यक्तिगत गलती का परिणाम नहीं है। यह कई फैक्टर्स पर निर्भर करने वाली मेडिकल कंडीशन है, जिसे मैनेज-कंट्रोल किया जा सकता है। यदि पेशेंट को समय पर, सही ट्रीटमेंट दी जाए और उसके साथ संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपायों को अपनाया जाए तो पीएमओएस के अधिकांश नेगेटिव प्रभावों को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया जा सकता है। *

### मेंटल-इमोशनल हेल्थ का रखें ध्यान



**आहार और** व्यायाम के अतिरिक्त मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य (मेंटल-इमोशनल हेल्थ) पर ध्यान देना भी पीएमओएस (होल पर्सन केयर) प्रबंधन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। तुलनात्मक अध्ययनों में पीएमओएस से प्रभावित महिलाओं में अवसाद (डिप्रेशन), चिंता (स्ट्रेस), विकृत भोजन आचरण (बैड फूड हैबिट) और नेगेटिव बॉडी इमेज की दर, सामान्य महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है। इससे उपचार अनुपालन तथा जीवन गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। योग, प्राणायाम, ध्यान और संज्ञानात्मक व्यावहारिक उपचार (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी) जैसे तरीके तनाव घटाने, नींद सुधारने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। हालांकि उनके रुटीन क्लीनिकल प्रैक्टिस में स्थान को डिफाइन करने के लिए, हाई क्वालिटी रिसर्च की आवश्यकता बनी हुई है।

## फिटनेस

संध्या सिंह

# इन दिनों के लिए परफेक्ट फिटनेस मंत्रा

जून महीने के इन अंतिम दिनों में जब जमकर बारिश शुरू नहीं हुई है और वातावरण में उमस भरी बेचैन करने वाली गर्मी है, ऐसे में अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सूर्योदय के समय से कुछ देर बाद तक हल्की शारीरिक गतिविधि करें। दिन के समय हर 30-40 मिनट में कुछ घूंट पानी पीएं। दोपहर 11 से 4 बजे के बीच ज्यादा देर तक लगातार धूप में न रहें।

इन दिनों अगर आप यहां बताए जा रहे नियमों का पालन करें तो पूरी तरह से फिट रह सकते हैं। यह नियम न केवल गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाता है बल्कि पूरी तरह से फिट और एक्टिव रखता है। इन दिनों अगर आप सर्दियों जैसी ही हैवी एक्सरसाइज जारी रखते हैं तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है, लगातार थकान बनी रहती है, चक्कर आने लगते हैं, मांसपेशियों में खिंचाव जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इस मौसम में फिटनेस का अर्थ केवल कैलोरी बर्न करना नहीं बल्कि शरीर को ठंडा रखना, ऊर्जावान रखना और सुरक्षित रखना भी होता है। इसलिए कुछ बातों का ध्यान रखें।



**सुबह जल्दी व्यायाम करें:** इन दिनों बेहतर है कि आप सुबह पांच बजे व्यायाम के लिए तैयार हो जाएं और साढ़े छ-सात बजे तक व्यायाम पूरा कर लें। इस समय तापमान कम तो रहता ही है, शरीर पर अतिरिक्त दबाव भी नहीं पड़ता। इस दौरान तेजगति से चलना, कुछ आसन, प्राणायाम, हल्की स्ट्रेचिंग और साइकिलिंग फिट रहने के लिए पर्याप्त व्यायाम हैं। इस मौसम में भारी जिम वर्कआउट के बजाय कुछ आसन करना बेहतर विकल्प होता है। खास तौर पर ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन, अनुलोम-विलोम, शीतली और शीतकारी प्राणायाम इन दिनों शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखते हुए ठंडक प्रदान करते हैं।



**पीते रहें पानी:** दिन के समय प्यास लगने का इंतजार न करें बल्कि हर 30-40 मिनट में कुछ घूंट पानी पिएं। सादा पानी, नीबू पानी, छाछ, नारियल पानी, बेल या सत्तू का शर्बत इन दिनों शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाकर रखते हैं।

**हल्का आहार:** इस मौसम में फिटनेस बनाए रखने के लिए आहार भी हल्का लेना चाहिए। इसलिए खीरा, ककड़ी, खरबूजा, लौकी, तोरी और दही का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इन दिनों तले हुए, ज्यादा मसाले वाले और अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। *

## अवेयरनेस



डॉ. मोलिशा भंडारी
डर्मेटोलॉजिस्ट, पेसिफिक वन हेल्थ हॉस्पिटल, नई दिल्ली

विटिलिगो एक प्रकार की ऑटोइम्यून डिजीज है, जिसमें स्किन कलर को कंट्रोल करने वाले मेलेनोसाइट्स नष्ट होने लगते हैं। इससे व्हाइट स्पॉट्स दिखने लगते हैं। **वर्ल्ड विटिलिगो डे (25 जून)** के अवसर पर जानिए, इससे जुड़ी बहुत इंपॉर्टेंट इंफॉर्मेशंस।

# विटिलिगो को कर सकते हैं कंट्रोल

विटिलिगो को सफेद दाग या ल्यूकोडर्मा भी कहते हैं। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें त्वचा की रंगत चली जाती है, जिससे सफेद धब्बे बन जाते हैं। विटिलिगो को ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है, जिसका आशय है कि यह समस्या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा त्वचा की मेलेनोसाइट्स पर हमला करने के कारण होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह तब होता है, जब त्वचा में मेलेनिन नामक पिगमेंट बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं।

**क्या हैं कारण:** विटिलिगो के होने का सटीक कारण अज्ञात है। लेकिन कुछ फैक्टर्स इससे रिलेटेड हो सकते हैं।

**आनुवंशिक कारक:** ऐसे लोगों में विटिलिगो होने की संभावना अधिक होती है, जिनके परिवार में विटिलिगो हो चुका है।

**तनाव:** कुछ मामलों में अत्यधिक तनाव विटिलिगो को ट्रिगर कर सकता है या इसे और बदतर बना सकता है।

**अन्य बीमारियां:** थायरॉइड संबंधी समस्याएं, टाइप 1 डायबिटीज और एडिसन रोग आदि भी विटिलिगो की समस्या बढ़ा सकते हैं या उत्पन्न कर सकते हैं।




**प्रमुख लक्षण:** त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे शरीर के किसी भी भाग पर हो सकते हैं। आमतौर पर चेहरे, गर्दन, हाथों और पैरों पर सफेद धब्बे अधिक दिखाई देते हैं। धब्बे आमतौर पर शरीर के दोनों तरफ दिखाई देते हैं। त्वचा का रंग पैच में बदल जाता है। ऐसे लक्षण दिखने पर डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलें।

**इलाज के बारे में:** विटिलिगो का स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विधियों से इस त्वचा रोग को नियंत्रित व प्रबंधित किया जा सकता है, जिनसे त्वचा के रंग को वापस लाया जा सकता है। विटिलिगो के उपचार के विकल्पों में शामिल हैं-

**टॉपिकल उपचार:** विशेषज्ञ डॉक्टर आमतौर पर टॉपिकल 'कार्टिकोस्टेरॉयड्स' या नॉन-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसेंट आदि से उपचार शुरू करते हैं। टॉपिकल 'कार्टिकोस्टेरॉयड्स' दवाएं सूजन को कम करने और त्वचा के रंग को वापस लाने में मदद करती हैं। वहीं गैर-स्टेरॉयडल दवाएं, लंबे समय तक उपयोग के लिए बेहतर होती हैं, क्योंकि स्टेरॉयड्स की तुलना में उनके कम दुष्प्रभाव होते हैं, खासकर बच्चों के लिए या शरीर के संवेदनशील भागों के उपचार में।

**फोटोथेरेपी:** इस थेरेपी के अंतर्गत विशेष प्रकाश किरणों का उपयोग करके त्वचा के विकारों या खामियों को दूर किया जाता है।

**दवाएं:** अतीत में उपचार के विकल्प काफी कम थे, लेकिन अब ओरल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से लेकर नए गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसिव और इम्यूनोमॉडुलेटरी दवाओं की लॉन्ग रेंज दवाएं उपलब्ध हैं। दवा का चयन पूरी तरह से त्वचा रोग विशेषज्ञ पर निर्भर करता है। इन दवाओं को नियमित रूप से लेना जरूरी है।

**सर्जिकल प्रोसेस:** अनेक मामलों में सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, जहां अन्य उपचार असरदार नहीं होते। स्थिर विटिलिगो वाले मरीजों के लिए, पंच ग्राफ्टिंग, सक्शन ब्लिस्टर ग्राफ्टिंग और एडवांस्ड नॉन-कल्चर्ड मेलेनोसाइट सस्पेंशन तकनीक सहित कई सर्जिकल उपचार उपलब्ध हैं। ये सभी प्रोसेस काफी कारगर हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### गलतफहमियों से रहें दूर

**मिथ:** एक गंभीर बीमारी है विटिलिगो।
**तथ्य:** विटिलिगो गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन यह व्यक्ति के शारीरिक सौंदर्य को प्रभावित कर सकती है।
**मिथ:** विटिलिगो एक संक्रामक रोग है।
**तथ्य:** विटिलिगो संक्रामक नहीं है। इस कारण यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।
**मिथ:** विटिलिगो कैंसर का कारण बनता है।
**तथ्य:** विटिलिगो का कैंसर से कोई संबंध नहीं है।
**मिथ:** विटिलिगो केवल गोरी त्वचा वाले लोगों को होता है।
**तथ्य:** विटिलिगो किसी भी उम्र या किसी भी रंग की त्वचा वाले व्यक्ति को हो सकता है।

## प्रिकॉशन

डॉ. मोनिका शर्मा

केवल डायबिटीज के पेशेंट्स ही नहीं कई हेल्थ कॉन्शस लोग भी आर्टिफिशियल स्वीटनर्स का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई शुगरफ्री प्रोडक्ट्स में भी इनका यूज किया जा रहा है। लेकिन एक रिसर्च स्टडी में इसके अधिक सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया है।

# हार्मफुल हो सकता है आर्टिफिशियल स्वीटनर

अब से कुछ समय पूर्व 'जर्नल फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन' में छपे चिली विश्वविद्यालय की प्रमुख शोधकर्ता फ्रांसिस्का कानचा सेल्यू के नेतृत्व में हुए शोध के परिणाम आर्टिफिशियल स्वीटनर्स के इस्तेमाल को लेकर चेताने वाले हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार समाज में आर्टिफिशियल स्वीटनर्स का इस्तेमाल बढ़ने के बावजूद मोटापा और इंसुलिन रेजिस्टेंस जैसी समस्याएं कम नहीं हो रही हैं। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं द्वारा हर पीढ़ी का 'ग्लूकोज ओरल टॉलरेंस टेस्ट' किया गया।

**क्या कहती है रिसर्च:** इस टेस्ट से डायबिटीज का एक चेतावनी संकेत माने जाने वाले इंसुलिन प्रतिरोध का पता चलता है। साथ ही आंतों के स्वास्थ्य से जुड़े माइक्रोबायोम और 'शॉर्ट चेन फैटी एसिड' के स्तर की जांच के परिणाम भी हैरान-परेशान करने वाले रहे। चूहों को लेकर किए गए इस अध्ययन में आर्टिफिशियल स्वीटनर्स का असर अगली पीढ़ी तक देखा गया। अध्ययन में स्पष्ट रूप से देखा गया कि मां द्वारा आर्टिफिशियल स्वीटनर्स के सेवन से बच्चों में इंसुलिन प्रतिरोध और मेटाबॉलिज्म से जुड़ी बीमारियां विकसित हो सकती हैं। आंतों के स्वास्थ्य और जीन पर आर्टिफिशियल स्वीटनर्स का बुरा असर पड़ा, जो कि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में ट्रांसफर हो गया। प्रमुख लेखिका फ्रांसिस्का कानचा स्पष्ट करती हैं कि इस अध्ययन का मतलब यह नहीं है कि सभी मेटाबॉलिक बीमारियों की इकलौती जड़ सिर्फ मिठाइयां या आर्टिफिशियल स्वीटनर हैं, लेकिन यह अध्ययन इस बात पर एक बड़ा सवाल जरूर उठाता है कि क्या ये 'शुगर-फ्री' विकल्प हमारे मेटाबॉलिज्म को उन तरीकों से नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिन्हें विज्ञान अभी तक पूरी तरह से समझ ही नहीं पाया है।

**सवाल से जुड़ी सजगता:** इस शोध अध्ययन से जुड़ा यह सवाल आम लोगों की सजगता से भी जुड़ा है। मीठे की जगह आर्टिफिशियल स्वीटनर इस्तेमाल करने को लेकर बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा लाइफस्टाइल बदलाव, कहीं नुकसानदेह तो नहीं? वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की रिसर्च एजेंसी इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के अनुसार भी आर्टिफिशियल स्वीटनर यानी एस्पार्टेम, कैंसर का जोखिम पैदा कर सकता है। इसीलिए एस्पार्टेम, जिसे आम भाषा में शुगर-फ्री कहा जाता है, के इस्तेमाल में सजगता आवश्यक है, क्योंकि यह डाइट कोला, कोल्ड ड्रिंक्स, च्यूइंगम और कई तरह की शुगर-फ्री मिठास सभी में पाया जाता है। खासकर 95 प्रतिशत कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक में तो स्वीटनर के तौर पर एस्पार्टेम का ही उपयोग होता है। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के अध्ययन से जुड़ी विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस एजेंसी ने नकली मिठास के इस्तेमाल के संभावित असर का आकलन करने के बाद लोगों को चेताया है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट में एस्पार्टेम के यूज को व्यक्तियों के लिए कैंसरकारी चीजों की लिस्ट में शामिल किया जा सकता है। यही वजह है कि आर्टिफिशियल स्वीटनर्स को आम दिनचर्या में खान-पान का हिस्सा बनाना बेहद खतरनाक हो सकता है। शुरुआत में डायबिटीज जैसी कुछ समस्याओं के मरीजों को ही नकली मीठे के इस्तेमाल की सलाह दी गई थी, पर बहुत सारे पूरी तरह से फिट और एक्टिव लोग भी इनका इस्तेमाल करने लगे हैं। घर हो या बाहर आर्टिफिशियल स्वीटनर्स वाले फूड आइटम खाना या पीना उन्हें अपनी सेहत सहेजने का तरीका लगने लगा है। जरूरी है कि इनके सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत रहा जाए।



**बेहतर विकल्प ढूंढे:** कुछ समय पहले डब्लूएचओ ने अपनी गाइडलाइन में कहा था कि आर्टिफिशियल स्वीटनर का उपयोग हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा बढ़ा सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि इनके बेहतर विकल्प तलाशे जाएं। कोल्ड ड्रिंक्स की जगह नारियल पानी, गन्ने का जूस, नीबू पानी आदि सेवन करने की आदत बनाना चाहिए। घरेलू कुकिंग में भी शुगर की जगह गुड़, शहद और खजूर जैसी चीजों का इस्तेमाल करना सही है। घर पर बने खाने को प्राथमिकता देना भी सेहत सहेजने वाला कदम है। *

**खबर संक्षेप**

## मां वैष्णो देवी बस यात्रा कल होगी रवाना

**आदमपुर।** हिसार, फतेहाबाद, आदमपुर तथा आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए 26 जून को मां वैष्णो देवी पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा संयोजक अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु पवित्र माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करेंगे। वापसी में श्रद्धालुओं को अटारी-वाघा बार्डर की रिट्रीट सेरेमनी, स्वर्ण मंदिर तथा अन्य मंदिरों के दर्शन भी करवाए जाएंगे। समिति द्वारा चार जुलाई से धार्मिक स्थलों की विशेष बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## पार्षद भीम महाजन को क्षेत्र की समस्याएं बताईं

**हिसार ।** पूर्व डिप्टी मेयर व वार्ड पांच के पार्षद भीम महाजन वार्ड का दौरा करते हुए पड़ाव चौक में अग्रवाल ग्रुप के प्रधान व क्षेत्र के दुकानदार पवन गोयल काका के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। समस्याओं की चर्चा करते हुए पवन गोयल ने नगर में जगह-जगह वर्षा का पानी जमा होने, सीवरेज जाम, बेसहारा पशुओं का सडक़ों पर भारी मात्रा में होना, कई क्षेत्रों में पानी-बिजली की समस्याएं बताई। भीम महाजन ने समस्याएं सुनने के बाद कहा कि वे हर रोज वार्ड की समस्याएं दूर करने के लिये प्रयासरत रहते हैं।

## बरवाला विस क्षेत्र में नई कार्यकारिणी का गठन

**हिसार।** बसपा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र चौहान ने कहा है कि पार्टी संगठन को और मजबूत सक्रिय एवं जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बरवाला विधानसभा इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संगठनात्मक समीक्षा के बाद पिछले दिनों बरवाला विधानसभा की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था। हंसराज न्याणा एवं संदीप मिर्जापुर को विधानसभा प्रभारी, रणबीर खरकड़ी को विधानसभा अध्यक्ष, विकास सातरोड़ को उपाध्यक्ष, अनिल लाडवा को महासचिव, सौरभ जागलान को कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र मेहरा को सचिव तथा पवन मौर्य को बीवीएफ संयोजक नियुक्त किया गया है।

## निर्जला एकादशी के मौके पर बंटेगी जलेबी

**आदमपुर।** निर्जला एकादशी के अवसर पर गुरुवार को अनेक जगह भंडारे व छबीलें लगाई जाएगी। आदमपुर लेडिज मार्केट में जहां श्याम प्रेमियों द्वारा जहां ठंडाई पिलाई जाएगी वहीं आदमपुर रेलवे स्टेशन पर जलेबी-पकोड़ों व जलजीरे का प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुंदरकांड प्रचारिणी सभा के कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग ने बताया कि निर्जला एकादशी के मौके पर पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी रेलवे स्टेशन पर जलेबी-पकोड़ों व जलजीरे का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने दी पांच व्हीलचेयर

**हिसार।** पंजाब एण्ड सिंध बैंक की रेड स्कवेयर मार्केट स्थित मुख्य शाखा ने बैंक के 119वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में सीएसआर के अंतर्गत सेवा भाव से पांच व्हीलचेयर समर्पित की। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल पीएमओ डॉ. रीना जैन तथा पंजाब एण्ड सिंध बैंक, रेड स्कवेयर मार्केट हिसार शाखा के शाखा प्रमुख दीपक कांटीवाल, मॉडल टाउन शाखा के शाखा प्रमुख अभिनव मिश्रा एवं बैंक अधिकारी गगन निर्वाण आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं का किया स्वागत

**हांसी।** बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचकूला में राज्य स्तरीय योग समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा की गई योग एवं योगासन खेल से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाओं का स्वागत करते हुए योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने आभार व्यक्त किया है। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी राजीव कुमार ने कहा कि ये घोषणाएं केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि हरियाणा में योग, संस्कार और भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण की आधारशिला साबित होंगी।

### उपनिदेशक अनीता चौधरी ने रिकॉर्ड दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

# उपनिदेशक ने लिया विद्यालयों में व्यवस्था का जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ उकलाना

शिक्षा विभाग की उपनिदेशक अनीता चौधरी ने बुधवार को खंड के राजकीय मिडल स्कूल कंडूल तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उकलाना मंडी का निरीक्षण कर विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक संसाधनों और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्कूलों में अवकाश होने के बावजूद उन्होंने पहले से सूचना देकर स्कूल मुखियाओं एवं खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक ने विद्यालयों के विज्ञान कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, कक्षा कक्ष, शौचालय, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से बरसात के मौसम को देखते हुए स्कूल भवनों की छतों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल के कारण भवनों को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। अनीता चौधरी ने स्कूल मुखियाओं से कहा कि विद्यालयों में यदि अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, पानी की टंकी, पुस्तकालय अथवा अन्य आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता है तो उसकी मांग एवं अनुमानित लागत (एस्टीमेट) तैयार कर शीघ्र मुख्यालय भेजी जाए। इसके उपरांत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उकलाना मंडी में आयोजित बैठक में उन्होंने खंड के सभी प्रिंसिपलों, मुख्याध्यापकों एवं मौलिक मुख्याध्यापकों को संबोधित किया। एसीएस व स्कूल निदेशक करेंगे औचक निरीक्षण


**उकलाना।** पौधरोपण करतीं शिक्षा विभाग की उपनिदेशक अनीता चौधरी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र, प्राचार्य राजबीर ढाका, डॉ. अर्जुन देव, अनिल कुमार, सतबीर पूनियां समुंदर सिह सहित खंड के सभी विद्यालय मुखिया उपस्थित रहे।

उपनिदेशक ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) एवं शिक्षा निदेशक द्वारा स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान स्कूलों को प्राप्त फंड, विभिन्न ग्रांटों के उपयोग, रिकॉर्ड संधारण तथा शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जाएगी। इसलिए सभी स्कूल मुखिया अपने रिकॉर्ड एवं दस्तावेज पूरी तरह अद्यतन एवं दुरुस्त रखें।



**नारनौंद।** विद्यार्थियों को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## माजरा प्याऊ आईटीआई में छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौंद

सामुदायिक पुलिसिंग टीम हांसी द्वारा आईटीआई माजरा प्याऊ में एड्स, नशा मुक्ति एवं साइबर सुरक्षा विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर और पारिवारिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अपने मित्रों और परिजनों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने युवाओं से आह्वान किया कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत से परेशान है तो उसे सही मार्गदर्शन और उपचार दिलाने में वे हरसंभव सहयोग करें, ताकि वह मुख्यधारा में लौट सके। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एचआईवी-एड्स के प्रति भी जागरूक किया गया।

## आसरा वेलफेयर सोसायटी ने कैंप चौक पर लगाई छबील



**हिसार।** निर्जला एकादशी के पावन एवं पुण्य अवसर पर आसरा वेलफेयर सोसायटी की ओर से कैंप चौक पर छबील सेवा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किय गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल ने की। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों को शीतल शर्बत तथा आलू की चाट प्रसाद वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सोसायटी ने शहर के सुप्रसिद्ध पशु-सेवक रोहतास कुमार को उनके उत्कृष्ट एवं निस्वार्थ सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया। रोहतास कुमार पिछले कई वर्षों से बेसहारा, घायल एवं आवारा पशुओं की सेवा, उपचार और संरक्षण में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पशुओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता, समर्पण और सेवा भावना समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने रोहतास को शाल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. दीपक नागपाल, नरेंद्र अनेजा, प्रो. नरेंद्र मेहता, प्रो. प्रेम तनेजा, डॉ. हेमंत आहूजा, सुरेंद्र महता, सतीश सरदाना, नारायण दास डावर, शांतनु मलिक, देवकी अग्रवाल, शंकर नांगरू, रमन मेहता, एडवोकेट हर्ष जैन, हरीश चौधरी, दीपक वसूजा, धर्मवीर, मंजू वर्मा व सुमन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## तिरुपति धाम में ज्येष्ठाभिषेक उत्सव के प्रति श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

**हिसार ।** तिरुपति बालाजी धाम में 28 जून को मनाए जाने वाले ज्येष्ठाभिषेक उत्सव के प्रति श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु इस उत्सव में हिस्सा लेंगे। यह उत्सव परम पद प्राप्त अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी जीयर स्वामी महाराज के परम कृपापात्र अनन्त श्री विभूषित सर्वश्री स्वामी नारायणाचार्य महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान तिरुपति का 81 कलशों से महाभिषेक होगा। इस आलौकिक महाभिषेक के दर्शन का अवसर श्रद्धालुओं को मिलेगा। विशेष बात है कि कलशों के लिए यजमान भी बनाए जा रहे हैं। 28 जून को प्रातः 10 बजे पूरे विधि-विधान से भगवान तिरुपति का महाभिषेक शुरू किया जाएगा। दोपहर एक बजे भक्तों में भोजन प्रसादी का वितरण होगा। सायंकाल भगवान की सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। ज्येष्ठाभिषेक उत्सव में पधारने वाले श्रद्धालुओं को धाम में स्थापित वेंकटेश भगवान, पद्मावती माता, गोदांबा माता, गरुड़, लक्ष्मी नृसिंह, सुदर्शन, शठकोप स्वामी, वरवर मुनि एवं हनुमान मंदिरों के दर्शन का अवसर मिलेगा।

- **81 कलशों से होगा भगवान तिरुपति का महाभिषेक**

# मंडी तक पहुंचने वाली सड़कें होंगी चकाचक, यातायात होगा सुगम

### पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से होगा विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौंद

किसान फसल को जब मंडी तक लेकर आता है तो टूटी हुई सड़कों के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। किसानों को मंडी तक फसल पहुंचाने में कोई दिक्कत न हो और एक गांव को दूसरे गांव तक सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए मार्केटिंग बोर्ड की तरफ से सभी सड़के मुरम्मत करके चकाचक बनाने का काम किया जाएगा। यह कार्य पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से संभव हुआ है।

मार्केट कमेटी नारनौंद के चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान ने बताया कि किसानों को मंडी तक फसल पहुंचाने में दिक्कत आती थी काफी गांवों के किसान शिकायत भी कर चुके थे। किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करके निर्णय लिया गया कि गांव भैणी अमीरपुर से मिलकपुर, नारनौंद से कागसर वाया सुलचानी, भैणी से बुडाना, नाड़ा से कापड़ों, नारनौंद से मोठ, सुलचानी से पेटवाड़ सड़क मार्ग की मुरम्मत के कार्य के लिए मार्केटिंग बोर्ड को लिखकर भेजा गया हैं। जल्द ही सभी सड़कों की मुरम्मत का काम शुरू हो जाएगा ताही लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वही गांव नारनौंद से माजरा, खांडा खेड़ी से कागसर ओर माढ़ा से जनता नगर की सड़क मार्ग मंजूर हो चुके हैं इनका काम जल्द शुरू हो जाएगा। इसके लिए मार्केटिंग बोर्ड ने मंजूरी दे दी हैं। इस अवसर पर पर मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन बिजेंद्र शर्मा, महेंद्र लखेरा, ईश्वर सिंह, ध्यान सिंह, सुशील, सतीश, कर्मवीर भट्ट, जगदीश पूनिया, सत्यवान आदि मौजूद थे।


**नारनौंद।** मार्केट कमेटी कार्यालय में बैठक करते चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान व अन्य।

## भंडारे के लिए आज रवाना होंगे खाद्य पदार्थों से भरे वाहन

**हिसार।** श्री शिव सेवक मंडल ट्रस्ट के तत्वाधान में अमरनाथ यात्रा के दौरान मंडल की ओर से लगाये जाने वाले 15वें भंडारे के लिये 25 जून को प्रातः 11 बजे खाद्य सामग्री से भरे दो ट्रकों व अन्य वाहनों को सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन से रवाना किया जाएगा। मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल ने बताया कि वाहनों की रवानगी के मौके पर ढोल ढमाकों के साथ बाई पास तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर नगर के अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित होंगे। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल ने बताया कि इस वर्ष तीन जुलाई से 28 अगस्त तक बाबा अमरनाथ का विशाल भंडारा पंथा चौक, श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) में लगाया जाएगा। मंडल के सेवादार जगदीश रहेजा व शालू नागपाल ने बताया कि श्रीशिव सेवक मंडल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष अमरनाथ यात्रियों के लिए लगाये जाने वाले भंडारे में 24 घंटे खाने-पीने, रहने व चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। तीन जुलाई से भंडारा शुरु होगा।

## गुजवि में दाखिले के लिए अब तक 14 हजार से अधिक आवेदन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नियमित कोर्सों में इस सत्र में रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। बुधवार की सुबह तक विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 14 हजार 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। विश्वविद्यालय के कई कोर्सों में दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून है जबकि कुछ अन्य कोर्सों में भी दाखिला प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय को अब तक पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में 3200 से अधिक तथा अंडरग्रेजुएट कोर्सों में 10450 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। अधिकतर कोर्सों में निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। विद्यार्थी 360 डिग्री वर्चुअल टूर से घर बैठे ही विश्वविद्यालय के हर विभाग और सुविधा की पूरी जानकारी के सकते हैं।

# सौर ऊर्जा बिजली बिल में कमी का प्रभावी माध्यम

**हिसार।** दक्षिण एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार बिजली बचत एवं ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं से बिजली की बचत कर अपने बिजली बिल में कमी लाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया जा रहा है।



प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण संबंधी विचारों को सांझा करते हुए कहा कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को जन-आंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे किफायती, सुलभ और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उपभोक्ताओं को ऊर्जा दक्ष एलईडी बल्बों का उपयोग करने, स्मार्ट थर्मोस्टेट स्थापित करने, अनावश्यक विद्युत उपकरणों एवं स्टैंडबाय मोड में चल रहे उपकरणों को बंद रखने, उपयोग न होने पर लाइटें बंद करने तथा अनावश्यक बिजली खपत से बचने की सलाह दी। साथ ही सौर ऊर्जा को अपनाने, ऊर्जा दक्ष घरेलू उपकरणों का उपयोग करने, गर्म पानी के टैंकों की नियमित जांच कराने तथा भवनों की छतों एवं दीवारों का उचित इन्सुलेशन कराने जैसे उपायों को भी बिजली बचत के प्रभावी साधन बताया।

विक्रम सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। रूफटॉप सोलर प्रणाली स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा का विश्वसनीय स्रोत होने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## अभियान चलाकर हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने बुधवार को शहर के पीएलए क्षेत्र में अभियान चलाकर रेहड़ियां व अन्य प्रकार का अतिक्रण हटवाया। खास बात यह रही कि सुबह के समय चलाए गए अभियान के दौरान न तो पीएलए क्षेत्र में खास रेहड़ियां होती और न ही अन्य प्रकार का अतिक्रमण लेकिन शाम के समय जब रेहड़ियों से पूरी मार्केट अट जाती है तो उस समय विभागीय अधिकारी इधर मुंह भी नहीं करते। शाम के समय इस क्षेत्र में रेहड़ियों, खोखों व रिक्शाओं की भरमार रहती है। निगम ने सुबह के समय जो अभियान चलाया, उसकी केवल चर्चा भर रही, असर कुछ नहीं हुआ।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ

**हिसार।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को सिलाई प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वीना हिंदी मेंजी ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कौशल विकास महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर अपने कौशल को स्वरोजगार में बदलने का आह्वान किया। इस अवसर पर निदेशक प्रदीप ने प्रतिभागियों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर चचंल, नेहा, रेनू, पूजा, प्रोमिला, रितु आदि भी मौजूद रहे।

# गाड़ी पेड़ से टकराई, 6 माह की बच्ची समेत 3 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौंद

हांसी-चंडीगढ़ सड़क मार्ग पर गांव भैणी अमीरपुर के पास एक गाड़ी यह अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। गाड़ी में सवार दो महिलाओं व एक छोटी बच्ची समेत तीन घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई।

सातरोड़ खुर्द गांव निवासी सरोज ने बताया कि वह तीन दिन पहले अपने मायके जींद जिले के गांव जाजवान में भाई की लड़की के जलवा पूजन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची थी। बुधवार को उसका भाई रेलवे विभाग दिल्ली में कार्यरत गांव जाजवान निवासी सतबीर सिंह उसको गाड़ी में सुसराल छोड़ने के घर से निकले। साथ में उसकी भाभी 35 वर्षीय रोशनी, भतीजा आयुष, सरोज की बड़ी लड़की सोनी ओर उसकी 6 महीने की छोटी लड़की सोफिया भी गाड़ी में थी। सभी आपस में बातचीत करते हुए आ रहे थे कि गांव भैणी अमीरपुर के पास जब सतबीर सीट बेल्ट को ठीक करने लगा तो गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। गाड़ी की एयरबैग खुल गई जिसके कारण रोशनी, सरोज और सोफिया को मामूली चोट लगी। तुरंत ही राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया। मौके पर पुलिस पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस में नारनौंद व जींद के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।


**नारनौंद ।** सड़क के किनारे पेड़ से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# इमरजेंसी काला अध्याय, इतिहास को न भूलें : रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏩ हांसी

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि 25 जून 1975 को देश में लगाई गई आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सत्ता बचाने के लिए संविधान की मूल भावना को कुचलते हुए पूरे देश को इमरजेंसी की आग में झोंक दिया। उस दौरान विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया और आम नागरिकों की आवाज दबाने का काम किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा बुधवार को लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में पत्रकारों से बातचीत करते रहे थे। इस दौरान विधायक विनोद भयाना तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया और संविधान में कई ऐसे संशोधन किए गए जिनका उद्देश्य सत्ता में बैठे लोगों को लाभ पहुंचाना था। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" के रूप में याद किए जाने का निर्णय उन लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में है जिन्होंने उस दौर में संघर्ष किया और जेल यातनाएं झेली।


**हांसी।** पत्रकारों से बातचीत करते केबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा। उनके साथ हैं विधायक विनोद भयाना।

चानौत गांव के पेयजल मुद्दे पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता गांव को पर्याप्त और नियमित पेयजल उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि चानौत गांव को पानी की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग

**हांसी।** अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा राज्य कमेटी ने चानौत गांव में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए ग्रामीणों की पेयजल संबंधी मांगों का स्थायी समाधान करने तथा दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की है। किसान सभा के राज्य प्रधान बलबीर सिंह और महासचिव सुमित दलाल ने कहा कि चानौत गांव के लोग पिछले लगभग डेढ़ महीने से पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं।

### पानी मांग रही जनता पर लाठीचार्ज की आलोचना

**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने हांसी के चानौत गांव में पानी की मांग कर रहे ग्रामीणों पर आधी रात को किए गए लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल को बेहद शर्मनाक और लोकतंत्र पर हमला बताया है। पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह पानी जैसी बुनियादी जरूरत तक पूरी नहीं कर पा रहे हैं। जब गांव की जनता अपने हक का पानी मांग रही है तो सरकार समस्या का समाधान करने की बजाय डंडे बरसा रही है। उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह से इतना छोटा सा मामला भी नहीं संभल रहा। ग्रामीण शांतिपूर्ण तरीके से पिछले 40 दिनों से अपने हक का पानी मांग रहे हैं। पूरे प्रदेश में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है।

# आंदोलन से मांगें मानने को तैयार हुआ प्रशासन

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष साझा संघर्ष समिति द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का सकारात्मक असर दिखाई देने लगा है। समिति के लगातार संघर्ष के चलते कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों पर प्रशासन को निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2018 बैच के चालक कर्मचारियों की एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) जारी कर दी गई है। इसके साथ ही शेष लंबित मामलों का भी जल्द निपटारा किए जाने का आश्वासन दिया गया है, वहीं वर्ष 2012 बैच के वेटिंग परिचालकों की एसीपी भी जारी करवा दी गई है। समिति के अनुसार रात्रि ठहराव (नाइट स्टे) से संबंधित स्वीकृति मुख्यालय से प्राप्त हो चुकी है। इसे अकाउंट शाखा में लागू करवाने के लिए महाप्रबंधक को 8 जुलाई तक का समय दिया गया है। इसके अलावा रात्रि ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों से भरवाए जाने वाले अतिरिक्त फॉर्म भी बंद कर दिए गए हैं तथा पहले की तरह रजिस्टर प्रणाली को पुनः लागू कर दिया गया है। महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष आयोजित बैठक की अध्यक्षता राज्य कमेटी ने की, जबकि मंच संचालन मंजीत सौरखी ने किया। बैठक में राज्य सांझा संघर्ष समिति के जयवीर घणघस, जगदीप लाठर, संदीप रंगा, सुरेंद्र सिंह, शिव कुमार श्योराण, धर्मेंद्र सिवान, राजबीर दुहन, दर्शन जांगड़ा, सुरेश बिनौलिया एवं सतेंद्र कुमार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। हिसार डिपो सांझा संघर्ष समिति के संदीप जैनावास, अजय दुहन, जितेंद्र शर्मा, कर्मवीर मसूदपुर, बजरंग लाखा, अरुण शर्मा, जोगिंदर पंघाल, अमित जुगलान, नरेंद्र खरड़, पवन कन्नौह तथा अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ‘विश्व शांति व भारत दर्शन’ पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**हिसार।** लद्दाख विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और सामाजिक संस्था हिमालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 25 जून को ‘विश्व शांति और भारत दर्शन’ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन की भूमिका और स्वागत उद्बोधन गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई द्वारा किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री कविंदर गुप्ता जी मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम का मुख्य वक्तव्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमालय परिवार के संरक्षक डॉ. इन्द्रेश कुमार का होगा। संगोष्ठी में भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जी और लद्दाख के प्रसिद्ध पद्मश्री डॉ. पद्मा गुरमीत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### शहर पुलिस ने पीओ गिरफ्तार किया

**हिसार।** शहर पुलिस ने वांछित उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिवानी मंडी तहसील के गांव बड़वा निवासी आजाद सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आजाद सिंह बैंक से जुड़े एक केस में बार-बार अनुपस्थित रहा, जिस पर अदालत ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी आजाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने मारपीट एवं धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर थाना के पीएसआई गौतम कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में दर्ज एक केस की जांच के दौरान लाडवा गांव निवासी अंकित की संलिप्तता पाई गई। उस पर मारपीट कर चोटें पहुंचाने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप हैं।

### पैदल गश्त के दौरान एक लाख की शराब बरामद

**हिसार।** शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने पैदल गश्त के दौरान एक लाख रुपये की शराब बरामद की है। चौकी प्रभारी एएसआई राकेश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त पर थे कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक संदिग्ध डिजायर कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट से 66 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 144 बोतल बीयर सहित कुल 210 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। बरामद शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग एक लाख रुपये है। पुलिस टीम ने बरामद शराब एवं कार को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# एसई की हठधर्मिता के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## कर्मचारियों ने किया अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अधिकारियों पर समस्याओं के समाधान के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान ओमप्रकाश माल ने की, जबकि संचालन जिला सचिव दीपक मेहरा ने किया। इस दौरान ओमप्रकाश माल ने कहा कि संगठन लंबे समय से कर्मचारियों की लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए अधीक्षक अभियंता से वार्ता का प्रयास कर रहा है, लेकिन अधिकारी समय देने के बावजूद कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं और बातचीत से भी बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा कर्मचारी विरोधी और दमनकारी नीतियां अपनाकर कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। इसी हठधर्मिता और उदासीन रवैये के विरोध में संगठन ने सांकेतिक धरने को अब अनिश्चितकालीन धरने में बदलने का निर्णय लिया है। धरने को राज्य कमेटी के नेता दीपक शर्मा, जिला कमेटी सदस्य प्रीतम सिंह, रामू शर्मा और प्रदीप बूरा, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक नेता सुरेंद्र चहल, मोहम्मद इसाक तथा रामफल पुनिया सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए संघर्ष को और तेज करने का आह्वान किया। प्रदर्शन में विनोद फौजी, जोगेंद्र फौजी, विनोद भाटिया, अशोक शर्मा, राजपाल फौजी, राकेश वशिष्ठ, रामसूरत, राजेश, पवन शर्मा, नरेंद्रपाल, रणसिंह फौजी आदि रहे।


हिसार। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय के समक्ष धरनारत कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।


हांसी। प्रदेश में धरना, प्रदर्शन और रैलियों पर रोक लगाने के आदेश के विरोध में प्रदर्शन करते एसयूसीआई कम्युनिस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### धरना-प्रदर्शन पर रोक अलोकतांत्रिक सरकार से आदेश वापस लेने की मांग

**हांसी।** प्रदेश सरकार द्वारा सितंबर माह तक प्रदेश में धरना, प्रदर्शन और रैलियों पर रोक लगाने के आदेश की एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने कड़े शब्दों में निंदा की है। पार्टी ने इसे अलोकतांत्रिक, न्याय के प्राकृतिक सिद्धांतों के विपरीत और फासिस्ट कदम बताया है। सरकार के इस फैसले के विरोध में एसयूसीआई कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट और राज्य सचिव मंडल सदस्य मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि धरना, प्रदर्शन और रैली लोकतंत्र के लिए ऑक्सीजन हैं। सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनजीवन की समस्याएं बढ़ रही हैं। उनका समाधान करने की बजाय समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाने के मौलिक अधिकार पर रोक लगाना ठीक नहीं है। इसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। एसयूसीआई ने मांग की कि सरकार तुरंत यह फैसला वापस ले और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन के मौलिक अधिकार को सुरक्षित करे।


हिसार। एसआईआर प्रपत्र प्राप्त करते बीएलओ वेदपाल सिवाच। फोटो : हरिभूमि

# अब तक 92% से अधिक मतदाताओं तक पहुंचा एन्यूमरेशन फॉर्म

- विशेष पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से पूरा करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने विशेष पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में लगे अमले के माध्यम से एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े इस महत्वपूर्ण अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 92 प्रतिशत से अधिक एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष फॉर्मों का वितरण भी शीघ्र पूरा किया जाए ताकि अभियान के अगले चरण को समय पर शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब फॉर्मों के संग्रहण (कलेक्शन) तथा उनके डिजिटाइजेशन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और गंभीरता के साथ संपन्न किया जाए।

### डोर-टू-डोर नहीं जा रहे बीएलओ

विशेष पुनरीक्षण अभियान के चलते प्रशासन की तरफ से हिदायत जारी की गई थी कि एरिया वाइज बीएलओ डोर-टू-डोर जाएंगे और एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण करेंगे, लेकिन स्थिति उसके उलट है। हिसार विधानसभा क्षेत्र के कई बीएलओ हिदायतों की पालना करने की बजाय खानापूर्ति ज्यादा कर रहे हैं।

# राजस्व मामलों के शीघ्र निपटान पर दें विशेष ध्यान : गीता भारती

- मंडलायुक्त ने सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक कर राजस्व मामलों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती ने बुधवार को हिसार मंडल के सभी जिलों के उपायुक्तों की बैठक लेकर विभिन्न राजस्व मामलों की समीक्षा की। बैठक में पेपरलेस डीड रजिस्ट्रेशन, पेपरलेस डिमार्केशन, म्यूटेशन, लार्ज स्केल मैपिंग, राजस्व न्यायालयों में लंबित मामले, पार्टीशन केस, आर्बिट्रेशन मामले तथा जमाबंदी से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। मंडल आयुक्त गीता भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही पेपरलेस डीड रजिस्ट्रेशन प्रणाली को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा पुरानी व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाए।


हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित मंडलायुक्त गीता भारती व उपायुक्त महेंद्र पाल।

### म्यूटेशन के मामलों का निपटान अधिकतम 15 दिनों में करने का निर्देश

उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि म्यूटेशन के मामलों का निपटान अधिकतम 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। इसी प्रकार राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए। मंडल आयुक्त ने कहा कि ऐसे मामले जो कई वर्षों से लंबित हैं, उन्हें विशेष अभियान चलाकर शीघ्र निपटाया जाए ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे चालान

- स्वच्छता बनाए रखने को लेकर किया जागरूक

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत सीएसआई प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू सहित आईसी एक्सपर्ट हरिराम गुज्जर ने सेक्टर 9-11 व सेक्टर 16-17 मार्केट में दुकानदार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग करते पाए जाने पर चार दुकानदारों के चालान किए। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया।

# भिवानी रोहिल्ला के लाल देव रोहिल को मिला एयरफोर्स में कमीशन

- देव रोहिल की उपलब्धि से न केवल गांव बल्कि पूरे हिसार जिले में गर्व और उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के छोटे से गांव भिवानी रोहिल्ला ने एक बार फिर अपने गौरवशाली इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। गांव के होनहार युवा फ्लाइंग ऑफिसर देव रोहिल भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त कर देश सेवा के लिए तैयार हो गए हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल गांव बल्कि पूरे हिसार जिले में गर्व और उत्साह का माहौल है। वायु सेना अकादमी हैदराबाद में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड एवं कमीशनिंग समारोह में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फ्लाइंग ऑफिसर देव रोहिल को भारतीय वायु सेना में कमीशन प्रदान किया। इस अवसर पर युवा नेता सुरेंद्र गंगवा व परिवारजन भी उपस्थित रहे। देव रोहिल ने तीन वर्ष के एनडीए तथा एक वर्ष के वायु सेना प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। अब फ्लाइंग ऑफिसर देव रोहिल देश की सीमाओं की रक्षा के लिए भारतीय वायु सेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का संचालन करेंगे।


हिसार। पासिंग आउट परेड के अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर देव रोहिल, युवा नेता सुरेंद्र गंगवा व परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से गीता भवन मार्केट के दुकानदार तंग

- दुकानदारों को कारोबार प्रभावित, प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गीता भवन मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक शहीद भगत सिंह पार्क में बैठक हुई। बैठक का मुख्य मुद्दा मार्केट में बरसाती पानी के जमा होने से दुकानदारों को हो रही परेशानी और आर्थिक नुकसान रहा। बैठक में दुकानदारों ने बताया कि बारिश के दौरान मार्केट में बड़ी मात्रा में पानी जमा हो जाता है, जो कई बार दुकानों के अंदर तक घुस जाता है। इससे दुकानों में रखा कीमती सामान खराब हो जाता है और व्यापार प्रभावित होता है। दुकानदारों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि उनकी समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं किया गया है। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसाती पानी की निकासी के लिए अस्थायी पाइप लगाया गया था, जिससे बारिश के दिनों में दुकानदारों और ग्राहकों को काफी राहत मिली थी।


हांसी। बरसाती जलभराव को लेकर मीटिंग करते गीता भवन मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी।


हिसार। टीम सदस्यों के साथ अभय टिपनिस। फोटो : हरिभूमि

### स्टॉकहोम में चमके अभय टिपनिस

**हिसार।** युवा क्रिकेटर अभय टिपनिस ने नॉर्डिक स्मैश टी-20 कप 2026 के उद्घाटन संस्करण में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम वेस्टरोस यूनाइटेड को प्रतिष्ठित खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टूर्नामेंट स्टॉकहोम के बोटकिर्क क्रिकेट सेंटर में आयोजित किया गया था। अपने सफल अभियान में अभय ने एक और उपलब्धि जोड़ते हुए फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए ‘प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। इसके साथ ही पूरे टूर्नामेंट में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, निरंतरता और प्रभावशाली योगदान को देखते हुए उन्हें ‘मोस्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट’ सम्मान से भी नवाजा गया। प्रतिभाशाली बाएं हाथ के स्पिनर और बल्लेबाज अभय विद्या देवी जिंदल स्कूल प्रिंसिपल नैना ढिल्लों व राजीव टिपनिस के बेटे हैं।

# आमजन की समस्याओं को समझना प्रमुख प्राथमिकता : रवि सैनी

- वन विकास निगम चेयरमैन रवि सैनी का नई सब्जी मंडी में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा वन विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी शहर की नई सब्जी मंडी एसोसिएशन सचिव प्रिया सैनी के मंडी स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। इस अवसर पर मंडी सचिव एवं व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। चेयरमैन रवि सैनी ने उपस्थित व्यापारियों और नागरिकों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा मंडी और क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को समझना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है तथा जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि हिसार की जनता का स्नेह, विश्वास और अपनापन उन्हें हमेशा नई ऊर्जा प्रदान करता है।


हिसार। नई सब्जी मंडी में वन विकास निगम चेयरमैन रवि सैनी का स्वागत करते व्यापारी।


नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में योग शिवर में भाग लेते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### हर व्यक्ति तक योग को पहुंचना होगा : वेद प्रकाश

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का 14वें दिन का शुभारंभ समाजसेवी सुखबीर, समाजसेवी बलवान, योग शिक्षक सुनील, योग शिक्षक रवि दलाल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिला प्रभारी हांसी वेद प्रकाश आर्य ने योग साधकों को त्राटक योग, कर्ण पीड़ांतक योग,व अदरंग आंतक योग के बारे में बताया। कि हमें योग का प्रचार करके हर व्यक्ति तक योग को पहुंचना होगा। जब हमारे देश का हर व्यक्ति योग करेगा तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा। योग शिक्षक सुनील, सूर्य नमस्कार, व एक्यूप्रेशर चिकित्सा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित है जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य, समाजसेवी सुखबीर, समाजसेवी बलवान व योग शिक्षक रवि दलाल, सत्यवान, सोनू, नैतिक, रेहांस आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सएप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

# एन-जेन थीम नवीनीकृत डाकघर नई पीढ़ी को जोड़ने में महत्वपूर्ण पहल : प्रो. काम्बोज

- वाई-फाई, ज्ञानवर्धक पुस्तकें, क्यूआर कोड आधारित स्पीड पोस्ट,पार्सल बुकिंग जैसी स्मार्ट सुविधा होगी उपलब्ध
- एचएयू परिसर में ‘एन-जेन’ थीम पर आधारित नवीनीकृत डाकघर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण तथा युवा पीढ़ी को डाक विभाग से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हरियाणा डाक परिमंडल की ओर से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में ‘एन-जेन’ थीम पर आधारित नवीनीकृत डाकघर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज इसमें मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित डाकघर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में हरियाणा परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर भी मौजूद रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि डाकघरों को युवा-केंद्रित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करना डाक विभाग के आधुनिकीकरण अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ‘एन-जेन’ अवधारणा का मूल उद्देश्य ‘छात्रों की, छात्रों द्वारा, छात्रों के लिए’ की भावना को साकार करना है। छात्र-छात्राओं की सहभागिता से तैयार इस डाकघर में आधुनिक साज-सज्जा, वाई-फाई सुविधा, अध्ययन के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तकें, आधार अद्यतन एवं नवीनीकरण सेवाएं तथा विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। हरियाणा परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर ने बताया कि इस आधुनिक डाकघर से विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आसपास के नागरिकों को भी लाभ मिलेगा।


हिसार। नवीनीकृत डाकघर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

### विद्यार्थियों को किया सम्मानित

डाकघर के नवीनीकरण में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विशेष योगदान दिया। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए कुलपति ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कोमल, यामू पूनिया, सोनिया, संध्या, अनिमेष, युवराज, मनीषा, रेणू, साक्षी, सुप्रिया, महक व अदिती शामिल हैं। कार्यक्रम में दीपक कुमार, राम विलास अग्रवाल, केके रोहिला सहायक अधीक्षक डाकघर सहित विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


हांसी। प्रशिक्षण शिविर में ईआरवी कर्मियों को संबोधित करती कल्याण निरीक्षक इंस्पेक्टर सरोज।

# आपातकालीन परिस्थितियों में ईआरवी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : सरोज

- जनसेवा और त्वरित प्रतिक्रिया पर ईआरवी कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा ईआरवी कर्मियों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन कल्याण निरीक्षक सरोज ने किया, जिसमें विभिन्न ईआरवी वाहनों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी पुलिस प्रतिक्रिया के महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें निर्देश दिए गए कि अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता के साथ कार्य करते हुए प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचना पर गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। कल्याण निरीक्षक सरोज ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं, महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों, घरेलू विवादों, झगड़ों, लापता व्यक्तियों तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में ईआरवी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने के बाद केवल कानूनी कार्रवाई करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पीड़ितों को मानवीय दृष्टिकोण से सहायता प्रदान करना भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।